SHRI SRIRAJ MEGHRAJJI DHRANGADHRA : Sir, I introduce the Bill.

MR. CHAIRMAN : Shri Rabi Ray.

CONSTITUTION (AMENDMENT)BILL*

(*Amendment of article* 54)

श्री रवि राय (पुरी) : श्रीमन्, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाए ।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

श्री रवि राय : श्रीमन्, मैं विधेयक को पेश करता हूं ।

MR. CHAIRMAN : Shri Ram Sevak Yadav—absent.

Shri Hem Raj.

CONSTITUTION (AMENDMENT)BILL*

(*Amendment of article* 3)

SHRI HEM RAJ (Kangra) : I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI HEM RAJ : I introduce the Bill.

MR. CHAIRMAN : Shri Rabi Ray again.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of article* 105)

श्री रवि राय (पुरी) : श्रीमन, में प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाये ।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted

श्री रवि राय : श्रीमन्, मैं विधेयक को पेश करता हूं ।

15.07 HRS.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(*Amendment of article* 85)

by Shri Prakash Vir Shastri.

MR. CHAIRMAN : The House will now take up further consideration of the motion moved by Shri Prakash Vir Shastri on the 16th February, 1968. He is to continue his speech.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : Sir, I went to make a submission. This is an important Bill and many Members want to speak on this Bill. Everybody would want a session in Bangalore to have unity between north and south. I request that the time should be extended by 2 hours. You may take the sense of the House.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : I agree with him.

MR. CHAIRMAN : The time allotted is 1 hour.

SHRI S. M. BANERJEE : It should be at least 2½ hours.

MR. CHAIRMAN : The time allotted is 1 hour. Shri Prakash Vir Shastri has taken only 1 minute. 59 minutes still remain. Practically, we have got one full hour for the discussion.

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : Sir, you may extend it by 1 hour. This is an important Bill and we must have more time for it.

SHRI RANDHIR SINGH : The time should be extended.

MR. CHAIRMAN : Let me hear the Minister of Parliamentary Affairs.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : Sir, the time allotted is 1 hour. The hon.

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 1-3-68.

Member, Shri Saigal wants that the time may be extended.....

SHRI S. M. BANERJEE : Why don't you mention me ?

DR. RAM SUBHAG SINGH : He always wants to be mentioned.

Sir, I also want to accommodate other Members whose Bills are also there. If you want you can extend it by half an hour.

SHRI A. S. SAIGAL : It should be extended by 1 hour.

MR. CHAIRMAN : All right. I extend the time by 1 hour.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi) : Sir, I am anxious that I should get a chance to move my Bill for the consideration of the House because my Bill is coming next.

MR. CHAIRMAN : Even after extending the time by 1 hour, still half an hour will be left for him to move his Bill.

Now, Shri Prakash Vir Shastri may continue his speech.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति महोदय, 1959 में सब से पहले में ने इस विचार को एक प्रस्ताव के रूप में इस सदन में उपस्थित किया था कि संसद का एक अधिवेशन राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से और सांस्कृतिक आदान प्रदान की दृष्टि से दक्षिण भारत के प्रमुख नगर बंगलौर या हैदराबाद में होना चाहिए। इसी विचार-धारा को मैंने फिर दूसरी बार 1965 में एक विधेयक के रूप में प्रस्तुत किया। मुझे प्रसन्नता है कि जब 1959 में और फिर 1965 में यह प्रश्न संसद के सामने विचार के लिए आया तो उस समय सरकार का मन इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार नहीं था पर उस समय के संसद-कार्य मन्त्री श्री सत्य नारायण सिंह ने इस प्रश्न के सभी पहलुओं पर विचार करने का इस सदन में आश्वासन दिया। आज फिर तीसरी बार इस विधेयक के द्वारा मैं उसी विचार-धारा को प्रस्तुत कर रहा हूं।

अपनी इस विचारधारा को इस विधेयक द्वारा प्रस्तुत करते समय मैं संविधान निर्माताओं की ओर भी आप का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। विशेष रूप से इसलिए कि संविधान बनाते समय उन्होंने इस विषय को बिल्कुल आगे आने वाली संसद या राष्ट्रपति के लिए खुला छोड़ दिया था। राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया था कि वह जहां चाहें संसद का अधिवेशन बुलाएं। इसके लिए दिल्ली में ही बैठकें हों इस प्रकार की कोई रेखा नहीं खींची गई थी।

जिस समय दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का निश्चय किया गया था उस समय भारतवर्ष की सीमाएं दूसरी थीं। एक ओर उस समय भारत का क्षेत्रफल रंगून तक था—बर्मा उस समय भारतवर्ष में शामिल था। दूसरी ओर भारत की सीमाएं पेशावर तक थीं। आज भारतवर्ष की सीमा विभाजन के बाद बदल चुकी है। इस समय दिल्ली भारत वर्ष के एक कोने पर है। दिल्ली भारत के मध्य में नहीं है। दूसरी बात सब से बड़ी यह है कि जहां आज दिल्ली भारत के मध्य में नहीं है वहां दिल्ली के एक कोने में पड़ जाने से सामरिक दृष्टि से भी और कई राजनीतक दृष्टियों से भी, देश की राजधानी होने के साथ साथ, दिल्ली नगर पर जनसंख्या का दबाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। केन्द्रीय सरकार के लिए जो दिल्ली की जनसंख्या को नियमित रखना चाहती हैं उनके लिए भी एक समस्या उत्पन्न हो गई है। डा० राम सुभग सिंह को याद होगा कि जिस समय वे रेल मन्त्री थे उस समय भी इस प्रकार की कई चर्चाएं आई थीं कि दिल्ली में जनसंख्या का दबाव न बढ़े इसलिए दिल्ली के आस पास जो नगर हैं वहां तक तेज गाड़ियां चलाई जायें। ताकि लोगों का निवास वहां रहे और दिल्ली में काम करने के बाद सायंकाल वह लौट कर वहां जा सकें लेकिन इस प्रकार की स्थिति नहीं बन सकी।

एक और विशेष बात जब भी कोई इस प्रकार का विधेयक आये जिस में वित्तीय व्यवस्थाएं सम्मिलित होती हैं, या वित्तीय

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

व्यवस्थाओं से सम्बन्धित कोई विधेयक होता है तो उस के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति लेनी पड़ती है। यदि राष्ट्रपति जी स्वीकृति अपनी दें तभी वह विधेयक विचार के लिए सदन में आ सकता है। मैं आपके द्वारा सदन को यह प्रसन्नतापूर्वक समाचार भी देना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी ने इस विधेयक की वित्तीय व्यवस्थाओं पर अपनी स्वीकृति दे दी है और वित्तीय कठिनाई होते हुए इस पर संसद को विचार करने का अधिकार है।

एक सब से बड़ी बात यह रह जाती है कि दिल्ली चूंकि हिन्दुस्तान के एक कोने पर पड़ जाता है इस दृष्टि से दक्षिण के लोगों के सामने, जिन को बहुत दूर से यहां आना पड़ता है एक समस्या है उस समस्या के पीछे एक वास्तविकता भी है। हम लोग जिन के निर्वाचन क्षेत्र दिल्ली से निकट हैं, वह संसद के अधिवेशन में भी भाग ले सकते हैं और शनिवार और रविवार इन दो दिनों के बीच में अवसर मिलने पर अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जा कर भी काम कर सकते हैं। लेकिन जो सदस्य दूर के निर्वाचन क्षेत्रों से संसद के अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए आते हैं, उनकी भी कठिनाई हम को अनुभव करनी चाहिए। भारत के नगर बंगलौर या हैदराबाद में संसद का एक अधिवेशन कर के उनको भी इस प्रकार का अवसर दिया जाना चाहिए कि संसद के अधिवेशन के दिनों में वे अधिवेशन में भी सम्मिलित हों और अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं से भी उसी प्रकार सम्पर्क कर सकें जिस प्रकार हम लोग अपने क्षेत्र के निवासी अपने मतदाताओं से सम्पर्क रखते हैं।

पहले जब मैंने इस विधेयक को उपस्थित किया था, उस समय सरकार की ओर से बतलाया गया था कि हैदराबाद या बंगलौर में अधिवेशन करने से सरकार के ऊपर अतिरिक्त अर्थ बोझ बढ़ जायेगा। जहां तक अतिरिक्त अर्थ-बोझ का सम्बन्ध है, मैं ने अपने स्तर पर जानकारी लेने का प्रयत्न किया है। आर्थिक बोझ दो प्रकार का हो सकता है। एक बोझ तो यह है कि जो लोग इस तरफ से बंगलौर अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए जायेंगे उनके यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के रूप में लोक सभा को अतिरिक्त व्यय करना पड़ेगा। लेकिन यह बात तो स्वाभाविक रूप से इसलिए हल हो जाती है कि जो लोग दक्षिण से यहां पर आते हैं, उनके यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते पर भी तो संसद को व्यय करना पड़ता है, स्वाभाविक रूप से जब इधर से सदस्य उधर जायेंगे तो उधर का बोझ उतना कम हो जाएगा। और इस तरह से जो बोझ इधर वालों का बढ़ेगा वह उधर वालों का कम होने पर संतुलन ठीक बैठ जाएगा। इस दृष्टि से कोई भी आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका नहीं है

एक दूसरी बात यह कही जाती है कि प्रश्नोत्तर का घन्टा कैसे होगा? उसके सम्बन्ध में कुछ तात्कालिक समस्यायें इस प्रकार की उत्पन्न होती हैं जिन में मन्त्रियों को सम्बन्धित विभागों से सम्पर्क रखना पड़ता है। सौभाग्य से इस समय हमारे संसद-कार्य मन्त्री संचार मन्त्री भी हैं। वह इस प्रकार की व्यवस्था कर रहे हैं कि जिस के माध्यम से देश के बड़े बड़े नगरों का दिल्ली के साथ सीधा सम्बन्ध जोड़ा जा सके। आज पटना से, अहमदाबाद से, जलंधर से, श्रीनगर से दिल्ली का सीधा टेलिफोन सम्बन्ध है। यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं। जैसा कि संचार मन्त्रालय की अपनी योजनाओं में है भी, बंगलौर और हैदराबाद का दिल्ली से सीधा टेलीफोन सम्बन्ध शीघ्र हो जाएगा ऐसी स्थिति हो जाने के बाद यह समस्या स्वतः समाप्त हो जायेगी और मन्त्री लोग अपने मन्त्रालयों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर सकेंगे। वह सीधा सम्बन्ध स्थापित कर सकेंगे।

सभापति महोदय, आज जिस आसन पर आप विराजमान हैं उसी आसन पर कुछ

दिन पहले श्री अनन्तशयनम आय्यंगर थे। जब वह अध्यक्ष के रूप में थे तब उन्होंने 14 जून, 1957 को जब मैसूर विधान सौध का बंगलौर में उद्घाटन किया था तब उद्घाटन करते समय कुछ शब्द कहे थे। मैं उन्हीं के शब्दों को ज्यों का त्यों पढ़ कर सुनाता हूं।

"दक्षिण और उत्तर भारत की भावानात्मक एकता के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि लोक सभा का एक अधिवेशन बंगलौर में हो, और विधान सौध, जो विधान सभा का भवन है, इस कार्य के लिए अत्यन्त उपयुक्त है, और मेरी अपनी राय है कि संसद का एक अधिवेशन वहां अवश्य हो सकता है।" श्री आय्यंगर ने विधान सौध का उद्घाटन करते हुए बंगलौर में यह बात कही थी। इससे यह लगता है कि जो अध्यक्ष के रूप में रह चुके हैं वह भी इस प्रकार की आवश्यकता को अनुभव करते थे।

एक दूसरी विशेष बात और है। दिल्ली में अधिवेशन होने से क्या होता है कि दिल्ली से दूर प्रदेशों के लोग यह अनुभव करते हैं कि शायद यहां बैठ कर कुछ इस प्रकार के कानून बना दिए जाते हैं जो उन लोगों पर बलात् थोपे जाते हैं। जो पढ़े लिखे लोग हैं वह तो जानते हैं कि संसदीय परम्परायें क्या हैं। लेकिन जो समाचारपत्रों से या और किसी प्रकार से संसदीय परम्पराओं से परिचित नहीं है, वह तो स्वयं अपनी आंखों से देख कर ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। दिल्ली में अधिवेशन करने से उत्तर भारत के दर्शकों की संख्या अधिक रहती है। लेकिन हैदराबाद या बंगलौर में जब अधिवेशन होगा तो परिणाम यह होगा कि दक्षिण भारत के वह लोग जो स्वयं अपनी आंखों से देख कर और अपने कानों से सुन कर संसदीय परम्पराओं से परिचित होंगे। वह भी अच्छी तरह से संसदीय प्रणाली से परिचित हो सकेंगे और जान सकेंगे कि संसद जो निर्णय लेती है वह बहुत वादविवाद और गहन अध्ययन के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचती है। मेरा अनुमान है कि इस तरह से वहां के लोगों को भी अवसर मिलेगा इधर के सदस्यों को देखने का।

सरकार की ओर से एक और कठिनाई उस समय व्यक्त की गई थी जिसकी चर्चा मैं करना चाहता हूं। यह कहा गया था कि अगर संसद का अधिवेशन वहां पर होगा तो साढ़े सात सौ सदस्यों के एक साथ निवास की व्यवस्था किस प्रकार से होगी। आपको स्मरण होगा कि राष्ट्रपति भवन के उत्तर और दक्षिण में साउथ अवेन्यू और नार्थ अवेन्यू हैं वहां पर जिस समय यहां वाइसराय था उस समय उस की सेना के लिए वह क्वार्टर बनाये गये थे। लेकिन जब यहां पर संसद के अधिवेशन होने लगे और सदस्यों की संख्या इतनी हो गई तब वाइसराय के अंगरक्षकों के वह निवास स्थान संसद-सदस्यों के उपयोग में लाए जाने लगे। जब इस प्रकार से यहां पर तत्काल व्यवस्था हो सकती है तब बंगलौर या हैदराबाद में इस प्रकार की कोई तत्कालीन व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती? सरकार एक बार अपना मन बनावे और मन बना कर निर्णय ले। यह प्रश्न तो छोटा सा है कि सदस्यों के निवास-स्थान की व्यवस्था कैसे होगी। जब सरकार निर्णय कर लेगी तब यह प्रश्न तो उठेगा ही नहीं कि आप इस बात का समाधान कैसे करें। जब आप निर्णय ले लेंगे तो उस बीच में पांच-छः महीने इस प्रकार के होंगे जिन में आप तैयारी कर लेंगे। तैयारी करने के बाद उनके निवास स्थान की अच्छी तरह से व्यवस्था कर सकेंगे। मुझे इस बात को कहते हुए बड़ी प्रसन्नता होती है कि विधान सौध का निर्माण कराने वाले श्री हनुमन्तैया भी इस समय हमारे सदन में उपस्थित हैं। मेरा अनुमान है कि श्री हनुमन्तैया मेरे इस कथन की साक्षी करेंगे कि बंगलौर में विधान सौध का निर्माण कराते समय उन के मन में यह बात अवश्य रही होगी कि यहां कभी संसद का अधिवेशन भी हो सकता है। मैसूर विधान सभा के सदस्यों की संख्या इतनी बड़ी नहीं थी जो इतने बड़े विधान सौध का वहां पर निर्माण कराया जाता। इसलिए उनकी भावनाओं का आदर करते

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

हुए और देश की एकता की दृष्टि से भी इस बात को सोचना चाहिए।

यह बात अवश्य है कि सरकार इसकी जो आर्थिक कठिनाइयां हैं उनके सभी पहलुओं पर विचार करे। अभी इस के लिए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए डा० राम सुभग सिंह ने कहा था कि मैंने इस प्रश्न का विश्लेषण करने के लिए यह समस्या सरकारी कर्मचारियों को दी हुई है। मैं चाहता हूं कि जहां वह सरकारी कर्मचारियों से इस प्रश्न का विश्लेषण करायें कि कितना व्यय इसपर बैठेगा, वहां संसद के सभी वर्गों या सभी दलों के सदस्यों की एक समिति भी बनायें जो उसके दूसरे सारे पहलुओं पर विचार करे और विचार करने के बाद किसी निर्णय पर पहुंचे।

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से यह अत्यन्त आवश्यक है कि जैसे दक्षिण भारत के सदस्य इधर आते हैं इसी तरह से यहां के सदस्य भी वहां जायें। दक्षिण की प्रगतियों से परिचित हों, वहां के सांस्कृतिक वातावरण से भी परिचित हों। आज प्रातःकाल ही यहां यह चर्चा चल रही थी कि हमारे एक छोटे से द्वीप पर श्रीलंका के कुछ लोगों ने अधिकार कर लिया है। हम क्योंकि दिल्ली में बैठे हुए हैं इसलिए उस क्षेत्र के निवासियों की भावनाओं को हम पूरी तरह से अनुभव नहीं कर पाते। लेकिन जब हम बंगलौर या हैदराबाद में बैठ कर भारत के भाग्य का निर्णय करेंगे या वहां पर बैठ कर कुछ निर्णय लेंगे तो हमारे सोचने का ढंग भी बिल्कुल भिन्न होगा।

एक सब से बड़ी बात यह है कि भारत का जो अपना वास्तविक रूप है, भारत की जो अपनी संस्कृति है, उसके दर्शन भी वास्तविक रूप में दक्षिण में ही होते हैं। उत्तर भारत पर मुगल काल से आक्रमण होते रहे हैं। मुझे इन शब्दों को कहने में कोई संकोच नहीं है कि भारत का अपना वास्तविक सांस्कृतिक स्वरूप आज भी अगर नहीं सुरक्षित है तो दक्षिण के इन राज्यों के अन्दर ही सुरक्षित है। उत्तर के लोगों को उधर जा कर भारत के सांस्कृतिक स्वरूप से परिचित होने में सहायता मिलेगी। इसलिए भी मैं चाहता हूं कि संसद का एक अधिवेशन वहां पर अवश्य हो।

अपने वक्तव्य को उपसंहार की ओर ले जाते हुए कहना चाहता हूं कि हमारे देश में राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से कई प्रश्नों पर फिर से विचार प्रारम्भ हो गया है। यहां तक कि जो राष्ट्रीय एकता परिषद थी उसको भी प्रधान मन्त्री जी फिर से जीवित करना चाहती हैं और राष्ट्रीय एकता सम्मेलन बुलाने का भी वह विचार कर रही हैं। जब इन सारे प्रश्नों पर इतने ऊंचे स्तर पर और दलीय स्तर से ऊपर जा कर निर्णय आप लेने जा रहे हैं तो संसद जो भारत के भाग्य का निर्णय करती है वह इस प्रकार का निर्णय न ले यह कैसे संभव है? मेरी यह दृढ़ राय है कि इस विधेयक पर विचार करते समय आज संसद कार्य मन्त्री डा० राम सुभग सिंह जी को इस प्रकार के शब्दों में अपना उत्तर नहीं देना चाहिए कि सरकार विचार करेगी, इस प्रश्न को देखा जा रहा है, इस पर सोचा जा रहा है। आज दृढ़ता के साथ वह इस बात को बतादें। अगर सैद्धान्तिक रूप से वह समझते हैं कि यह बात सत्य है और राष्ट्रीय एकता को इस निर्णय से बल मिलने वाला है तथा वह इस बात को मानते भी हैं तो मैं नहीं कहता हूं कि अगला ही अधिवेशन वहां हो, उससे अगला भी वहां हो सकता है। वह नहीं हो सकता तो यह वह कहें कि 1968 में या 1969 में एक अधिवेशन संसद का बंगलौर या हैदराबाद में अवश्य होगा। इतना तो कम से कम वह आश्वासन दें।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर इस सदन के अधिकांश सदस्यों की राय इसके पक्ष में हो और वे इनसे सहमत हों जो तर्क मैंने दिए हैं अथवा जो राष्ट्रीय एकता की भावना इसमें मैंने बताई है, उससे भी सहमत

हों, तो संसद कार्य मन्त्री को संसद की इस भावना के आगे नत मस्तक होना चाहिए। संसद के आगे नत मस्तक हो कर इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि संसद का एक अधिवेशन हैदराबाद या बंगलौर में होगा और इस निश्चय की उनको आज घोषणा भी करनी चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं अपने इस विधेयक को उपस्थित करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration".

Shri Hanumanthaiya.

SHRI RANDHIR SINGH : He is the host; he need not speak. Guests from the north should speak.

MR. CHAIRMAN : Therefore, he should be the first to speak.

SHRI HANUMANTHAIYA (Bangalore) : I am most grateful to the hon. Members for thinking that a session of Parliament must be held every year in the south. I am not sponsoring this or supporting this idea with the parochial view of having it in a place where I reside. Far from it. This idea of holding a session in the south is pending before the House for the last one year. When it was first mooted and a resolution to that effect was drafted, I am happy to state that the leaders of all the parties represented here, beginning with my most respected friend and leader, the leader of the Swatantra Party, Prof. Ranga, the leaders of the Jan Sangh, DMK, PSP, SSP and the two Communist Parties, solemnly affixed their signatures in approval of it. The reason given in the resolution is unity and emotional integration. The last twelve months have disclosed events which show that this idea of emotional integration has to be taken more seriously than hitherto. A few misguided people in the south have gone to the extreme extent of burning our national flag. Misguided people have gone to the extent of wanting a separate State here or there. These are aberrations. Aberrations have to be met with by a kind of nonviolent attitude that Mahatma Gandhi adopted. These aberrations are more a disease than a crime. May be they are dissatisfied with a particular measure of particular step the Government takes. So, some people go to the extreme extent of exhibiting it in the manner of burning the flag, Constitution and the like. But they should not be taken so seriously as to warn that the whole Government, the army, the police will march against them. It is not so serious. If Parliament is held in that area, all these 750 Members of Parliament will be able to go round, because from Bangalore every State Capital is within almost 200 miles, Hyderabad is within 300 miles, Madras is within 200 miles. Trivandrum is within about 200 miles.

SHRI P. K. DEO : Bhubaneswar ?

SHRI HANUMANTHAIYA : If it is not miles in terms of train journey, every place, including Bhubaneswar is almost within one hour's flight.

If Members of Parliament go about the country in this particular area where emotional integration obviously has not gone the full measure, that going about in the country itself will produce a great salutary effect on the minds of the people.

Secondly, you know the Indian people are very ceremonius people. Even when opening a primary school we want a Minister or Deputy Minister or some dignitary. That is what is happening in the south at any rate. Even when we want to open a bridge, we want a Chief Minister or a Minister. If 50 of our Central Ministers are available in that region, they will be able to mix with the people, attend functions and ceremonials which will produce the desired effect of emotional integration to the fullest possible extent.

After all, emotional integration emanates out of personal contact, personal meeting, talking together, meeting together and eating together. Therefore, Members of Parliament and the Ministers performing this duty of mixing with the people in all possible social and political ways will guarantee our unity as nothing else can do it, and in a better manner.

Shri Prakash Vir Shastriji has advanced very relevant, tenable arguments in support of this proposition. I do not want to repeat them. I merely express my apprecia-

[Shri Hanumanthaiya]

tion and thanks for the courageous stand he has taken because it is not an ordinary matter that the whole Parliament should go and sit in another place. It requires a considerable effort and the momentum for that effort has today been given by so good and great a man as Shri Prakash Vir Shastriji. I am sure other leaders will agree with this idea and give it a shape. So far as the Government is concerned, since I belong to the Government party I can say, we have taken counsel within our own circles and they are not opposed to this idea. The only apprehension is how much it will cost, and whether Bangalore would be able to provide accommodation for all Ministers and their staff, the Secretaries and their staff, the Parliament Secretariat and staff. I assessed the difficulties in this way. Having been the Chairman of the Administrative Reforms Commission I know that as soon as we put forward an idea, the official concerned will not think of the objective to be attained but will think of the peons, first division and second division clerks and other facilities. That is a habit of mind. Here, we need not put these facilities in front of us and create all sorts of complications and confusion. As Chairman of that Commission, I have made a recommendation in the report on public undertakings which is worth referring to here. Our annual budget is of the order of Rs. 3,000 crores. The investment in our public sector undertakings was almost Rs. 2,500 crores by the end of the Third Plan and in these two subsequent years it has gone up to a much higher figure. Their income and expenditure naturally run into many crores and Parliament has not found time to discuss their budgets. They are generally referred to during the course of the budget discussions or in some annual reports. I have made a recommendation in my report that Parliament has to exercise effective control on public undertakings, their operations and their usefulness and give guidance to them. The Bureau of public enterprises will be able to summarise the annual reports of the 72 public undertakings.

SHRI J. H. PATEL (Shimoga) : *spoke a few words in Kannada.*

SHRI HANUMANTHAIYA : I shall answer that question but there is no time for me to do so now.... (*Interruptions.*)

There are some subjects—I shall name three of them, for instance the LIC, public undertakings, annual plan evaluation—which will take two or three weeks to discuss. There need be no questions, no call attention notices and other things. If Parliament is able to apply its mind to the economic problems, it will do us immense good. For this type of discussion, not even a Secretary is required. If Members of Parliament are well informed and if the Ministers are properly equipped, they can themselves discuss these things and the presence of officials, Secretaries and others is not necessary. I know it as I have been a Member of Parliament and for sometime I had been a minister also.

It is only those people who have not completely equipped themselves who will be needing all the time some external aid. But if and when some officers are necessary they can come by plane for a day and return the next. There is no question of any clerk being required for the purpose. The Committee suggested by Shri Prakash Vir Shastri could very well examine all these matters.

So far as the expenditure is concerned, I submit that the facts and figures which are being gathered by the various Ministries, —let all these facts and figures be placed before the Parliamentary Committee envisaged by Shri Prakash Vir Shastri. I hope that the hon. Minister of Parliamentary Affairs will agree to the setting up of such a Committee for scrutiny. I am sure with the scrutiny of that Committee, the expenditure will be brought to the minimum, and with the goodwill of the House, we will be able to make this Parliament meet in Bangalore.

So far as the information is concerned, I appeal to Government not to swallow all the uncooked figures that the various Ministries throw up. Those figures will have to be processed by the Committee to be set up by this Parliament.

15-37 HRS.

SHRI J. MOHAMED IMAM (Chitradurga) : Mr. Chairman, Sir, I support the Bill that has been so ably moved by my friend Shri Prakash Vir Shastri. He has placed his fine ideas in chaste, high standard of Hindi which I could not make out,

and I cannot make out because I come from far-off South.

I am pleading that one of the sessions of the Parliament should be held at Bangalore not because I am parochial nor am I guided by local patriotism. But I feel that by holding a session at Bangalore, it will be of immense advantage to the country and there will be a distinct national advantage.

Let me take credit for one thing. I think I was the first one to move this proposal; when I was in the second Parliament, I brought this measure in the form of a resolution and I had raised this matter in the form of questions also. It was in pursuance of this that the then Speaker, Shri Ananthasayanam Ayyangar, paid a visit to Bangalore and went round the Vidan Soudha, for which I must pay a tribute to my friend Shri Hanumanthaiya.

AN HON. MEMBER : To the people of Mysore.

SHRI J. MOHAMED IMAM : Shri Ayyangar then expressed the view that Bangalore is not only eminently fitted but that the Vidhan Soudha is ideally suited for holding a session of this national body in that House. As it is, there is ample accommodation for holding a session; even with the local legislature we can hold a session. Perhaps—I do not know—Mr. Hanumanthaiya had some preconceived ideas because he had made arrangements for this. There are four to five big halls which can accommodate, and there is one hall called Banquet hall which I think can accommodate twice as many Members as this House has got.

But apart from that, as was pointed out by Shri Prakash Vir Shastri, Shri Ananthasayanam Ayyangar was in favour of it and was pleading both in this House and outside that provision should be made for holding one session of Parliament at Bangalore. I pointed out earlier that it would be to our national advantage. Now, as pointed out by Shri Prakash Vir Shastri, the capital of the country is situated in the north in one corner of the country. I do not know on what principle this place was selected in the year 1912 when the British people wanted to shift the headquarters from Calcutta to this place. Anyhow this is the capital and this will be the capital and the entire country will look to this place as the capital. But India is a vast country. It is a country of great diversity and a country of long distances. People are living thousands of miles away from this capital Therefore, there is lack of opportunity for the people to come together, to mix together, and there is lack of opportunity for the people from various parts of the country to know each other. There is lack of opportunity for the people of the South to come in contact with the Central Government or with the Members of the Central Government. This has caused a sort of isolation to the people of the South. On account of lack of opportunity, many people living in the South, especially in the villages, do not know what Delhi is and what the Central Government in Delhi is doing. Their scope is very much limited. Many of them are unaware of the existence of the Central Government. Many people do not know who our Prime Minister is and who our Parliamentary Affairs Minister is, even though he is quite hefty....

I submit the holding of a session in the South will bring about emotional integration between the rulers and the ruled. Secondly, from the climatic point of view, Mysore or even Hyderabad has a climate which every member of this House will certainly enjoy. Delhi is subjected to extreme climates—extreme summer and extreme winter. Our wives refuse to live here both in summer and in winter and we are forlorn. Mysore is an air-conditioned State. Hyderabad also has a salubrious climate.

About the cost, Mr. Hanumanthaiya said that the cost may be moderate and may not be much. It may cost Rs. 2 or Rs. 3 crores to provide the necessary accommodation and other facilities. In the interests of the country, it is worth while spending that amount. You must consider the advantage that will accrue to the country, not the money alone. After all, in a budget of more than Rs. 3,000 crores, we can spend Rs. 2 or Rs. 3 crores for this purpose.

From the defence point of view also it is advantageous to have a second capital for the country. Even in British days, in addition to Delhi, they had Simla as second capital. Madras had Ooty, and Calcutta had Darjeeling as second capital. Therefore, it is in the interests of the country to have a second capital.

[Shri Mohamed Imam]

On these grounds, I very strongly support the motion moved by Shri Prakash Vir Shastri. I invite all the Members of Parliament, along with Mr. Hanumanthaiya. Both of us will be the hosts for the first session. I am sure if we take a decision to hold a session at Bangalore, the members will not in the least repent it; on the other hand, they will congratulate Mr. Prakash Vir Shastri for bring forward this Bill.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक): चेयरमैन साहब; शास्त्री जी ने यह बिल पेश करके करोड़ों देशवासियों की ओर सारे इस हाउस के भाईयों की दिल की बात कह दी। मैं इस बात का बेहद मशकूर हूं कि आपने मुझे अपने दिल की बात कहने का मौका दिया। चैयरमैन साहब, मैं कुछ इतना मुतास्सिर हूं साउथ से कि दिल चाहता है कि एक दूसरी कैपिटल साउथ में भी होनी चाहिए क्योंकि इस देश का अगर कहीं भगवान रहता है हिन्दुस्तान का तो वह भगवान साउथ में रहता है। अगर कहीं अखलाक है, भगवान से डर है और भगवान का वास है तो वह साउथ में है। मैं कोई शुमाल की निन्दा नहीं करता। हिन्दुस्तान का जो शुमाल है वह ऐसा एक तरह से बड़ा एफेक्टिव रक्षक है, इस देश का अगर कोई ताकतवर बाजू है, एक बाजूवर शमशेर सेना है जो तलवार चलाती है, गोलियां चलाती है, जो लाड़ाकू एलीमेंट है इस देश का जो लड़ कर इस देश की रक्षा करता है वह शुमाल का इलाका है। लेकिन अगर कहीं भगवान के नाम का डर अखलाक और सच्चाई हम पाते हैं तो इस देश के साउथ में पाते हैं। मैं चाहूंगा कि मेरे भाई कोई बुरा न मानें शुमाल वाले क्योंकि मैंने तिरुपति के मन्दिर को देखा है, मैंने बैजवाड़े का मन्दिर देखा है और मैंने कन्याकुमारी का मन्दिर देखा है। मैंने गोआ और कोचीन का खूबसूरत इलाका देखा है और मैं कहना चाहता हूं कि भाई शास्त्री जी ने यह मौका दिया, हैदराबाद की शानदार लेक्स और शहर हम हवाई जहाज से देखेंगे और साथ के साथ गर फिरदोस बरूए जमी अस्त, हमी अस्त हमी अस्त हमी अस्त।

अगर कहीं बहिश्त है जमीन पर तो वह बंगलौर में है। ढाई सौ मील समुद्र से इधर और उधर और उसके बीच में वह बेहतरीन आबोहवा .....

श्री वी० च० शर्मा (गुरदासपुर): वहां कोई नहीं मरता।

श्री रणधीर सिंह: न गर्मी होती है, न सर्दी। पंडित जी मजाक कर रहे हैं। हालांकि वह मरने के नजदीक पहुंचे हुए हैं लेकिन अगर वहां कैपिटल हो गया तो जल्दी नहीं मरेंगे।

तो चेयरमैन साहब, मैं चाहूंगा कि इस तरह शुमाल और जनूब का बेहतरीन फ्यूजन हो। आज हिन्दुस्तान की जो हालत है, जो दिल एक दूसरे से फटे जा रहे हैं ऐसे मौके पर बड़ी भारी जरूरत है कि न सिर्फ वहां हम मीटिंग करें साल में एक दफे बल्कि मैं तो बहुत जोरों से यह कहना चाहूंगा और साथ-साथ इस बिल में भी यह बात होती तो बड़ा अच्छा था कि हिन्दुस्तान का गर्मी के दिनों का कैपिटल अगर शिमले के बजाए बंगलौर हो या ऊटकमंड हो तो क्या शानादर बात होगी? मैं यह चाहता हूं कि किसी तरह से इसके साथ साथ इस बात की भी व्यवस्था की जाए। जैसे दूसरे देशों में है, पाकिस्तान को लो या और बड़ी बड़ी कन्ट्रीज को लो और यह कोई नई बात हमारे देश के लिए भी नहीं है, मोहम्मद तुगलक का आप ने नाम सुना होगा। मोहम्मद तुगलक कोई बावला आदमी नहीं था, वह बड़ा सयाना आदमी था, देवगढ़ में उसने कैपिटल खोलने की बात की थी वह इसलिए की थी, मैंने भी वह जगह देखी है देवगढ़ की, उसके दिल में यह बात थी कि यह साउथ में है। मैंने देखा है, मैं कह सकता हूं कि या तो गोलकुंडा का किला है जो लाल किले के टककर का है या फिर बेहतरीन जगह बंगलौर की है।

मैं आप से कहना चाहता हूं कि इस देश में साउथ का हम पर बड़ा भारी एहसान है।

मैं उनको दिमाग समझता हूं सारे देश का। मैं कोई उनको राजी करने की बात नहीं करता। कंवर लाल गुप्त जी खामखवाह नाराज हो रहे हैं.....

श्री रबी राय (पुरी): वह तो हाउस में हैं ही नहीं।

श्री रणधीर सिंह: कंवर लाल गुप्ता की जगह जो फाल-स्टाफ भाई बैठे हुए हैं—मोदी साहब, मैं उनको कह रहा हूं।

इस देश में चाहे लैंग्वेज की बात हो, चाहे धर्म की बात हो, ये जो टैरिटोरियल फिस्सिपेरस टैन्डेन्सीज आई हैं, इनको दूर करने के लिए जो सब से बड़ा मरहम है तो यह है कि शुमाल वाले जनूब में जाएं और जनूब वाले शुमाल में जायें और भाई-भाई मिल कर रहें।

एक दफ़ा केरल जाकर देखेंगे। ये भाई चावल की बातें करते हैं। मैं आपको एक बात केरल की कह दूं, मेरा सिर फख्र से ऊंचा हो जाता है, केरल की भूमि में जाइए, त्रिवेन्द्रम से कन्याकुमारी तक जाइए, एक दफा उस सड़क को देख लेंगे तो पैरिस और फ्रांस को भूल जायेंगे। वहां के आदमी इतने पढ़े लिखे हैं कि एक शेफर्ड भी अंग्रेजी बोलता है, वहां के भाई और बहनें निहायत शानदार, खूबसूरत लिबास, कितने साफ़ और पोलीटिकली मैच्योर हैं। जब ये लोग बातें करते है कि चावल नहीं हैं, भूखे मर गए, तो मुझे तर्स आता है। इसी तरह से जब मैं मद्रास के किसान को देखता हूं तो फ़ख्र होता है, खेतों में जाते हैं, लंगर कर के, सब कुछ उतार कर जुट जाते हैं, कितने बेहतरीन मेहनती किसान हैं। हम वहां उड़ीसा के मन्दिर, कोनार्क और जगन्नाथपुरी जाकर देखेंगे, बड़ी शानदार जगहें हैं। आन्ध्र प्रदेश के गरीब किसान, महाराष्ट्र—जो शिवाजी और पेशवाओं की शानदार धरती है, यहां के एम० पीज उधर जायेंगे, उनको देश के उस हिस्से में जाने का मौका मिलेगा। इस लिए मैं सरकार से, डा० राम सुभाग सिंह और ला मिनिस्टर साहब से पूरे जोर से कहना चाहूंगा कि इस चीज को जरूर करो, शान से करो, ग्रेस से करो।

एक बात मैं और कहना चाहूंगा—जहां मैं शास्त्री जी का बहुत शुक्रगुजार हूं, अपने डिप्टी नेता हनुमंतैया जी का भी बहुत शुक्रगुजार हूं, क्योंकि ये ही इस प्रपोजल के औथर हैं, इन्होंने ही इस चीज को चलाया है। इस चीज को लाकर इन्होंने शुमाल और जूनूब-वालों पर अहसान किया है। दिल्ली में क्या है, दिल्ली की जगह चण्डीगढ़ भी पूरा कर सकती है। दिल्ली में कोई खास बात नहीं है, दिल्ली से चंडीगढ़ बढ़िया है और फिर बंगलौर या हैदराबाद जाइए, मैं इन दोनों जगहों को फिट जगह समझता हूं। इसलिए जनाब बैंगलौर और हैदराबाद के साथ-साथ मैं चण्डीगढ़ भी चाहूंगा। दो स्टेट-कैपिटल हों, इतने बड़े देश के लिए दो कैपिटल होने ही चाहिए और दिल्ली उनको कोआडिनेट करे।

अब रही जगह की बात—जनाब मैंने दुनिया भर के मकान बैंगलौर और हैदराबाद में देखे हैं, वह तो जमीन पर जन्नत हैं। इन्होंने तो एक बड़ी महदूद सी बात कह दी है कि एक साल में एक बार पार्लियामेन्ट वहां पर मीट करे, मैं तो यह कहना चाहता हूं कि सिर्फ वहां पर मिलने की ही बात नहीं, बल्कि वहां पर एक परमानैन्ट कैपिटल होना चाहिए और दूसरा चण्डीगढ़ में होना चाहिए।

श्री जगन्नाथ राव जोशी (भोपाल): सभापति महोदय, एक बड़ा अच्छा सुझाव सदन के सामने विचारार्थ प्रस्तुत हुआ है जिसका मैं समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। वास्तव में संसद का एक सत्र हैदराबाद या बैंगलौर में बुलाने की दृष्टि से संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता तो नहीं है, क्योंकि महामहिम राष्ट्रपति महोदय जहां चाहें, जहां ठीक समझें, वहां सत्र बुला सकते हैं। राष्ट्रपति महोदय यदि पसन्द करें तो वह बैंगलौर में सत्र जरूर बुला सकते हैं।

[श्री जगन्नाथ राव जोशी]

अब बैंगलौर में संसद का एक अधिवेशन कराने की दृष्टि से राष्ट्रीय एकता की बात बहुत लोगों ने छेड़ी है, किन्तु सभापति महोदय, मुझे नम्र निवेदन करना है कि राष्ट्रीय एकता कोई संसद पर निर्भर नहीं है। जब देश के अन्दर संसद नहीं थी, उस समय भी अपने देश के अन्दर राष्ट्रीय एकता मौजूद थी। केरल में पैदा होने वाले आद्य श्री शंकराचार्य को जो प्रेरणा मिली कि मैं काश्मीर तक पहुंचूं यह कोई संसद ने नहीं दी थी, कोई नभोवाणी ने नहीं दी थी, राष्ट्रीय एकता के लिए उपासना करनी पड़ती है, उसको बढ़ावा देना पड़ता है और छोटी-छोटी बातों में भी करनी पड़ती है। जैसे प्रभु श्री रामचन्द्र का गुणगान करते समय भी उनका जो गुण है, धीर्य है वह कैसा है, उनकी गम्भीरता कैसी है, इसके लिए--

समुद्रेव गाम्भीर्य धैर्येण हिमवानिव्।

मानो देश की सीमायें जाते-जाते बढ़ते बढ़ते हर एक को इस बात का पता चले कि मेरा देश छोटा नहीं है, मेरा देश बहुत बड़ा है, उसकी सीमायें समुद्र से लेकर हिमालय की चोटी तक फैलती हैं--यह एक सजीव ज्ञान है जिसको जानने की आवश्यकता है। वर्ना कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने गीता सुनाई, उसके नतीजे के तौर पर हरियाणा निकला, ऐसा कहना गीता को शोभा नहीं देता है। हम भाई-भाई के झगड़े का ध्यान रखें और गीता को भूल जाएं, यह ठीक नहीं है। राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है--किन्तु राष्ट्रीय एकता केवल संसद का अधिवेशन बैंगलौर या हैदराबाद में करने से हो जाएगी, ऐसा नहीं है। राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दृष्टि से हर सम्भव उपाय करना होगा। किन्तु दिल्ली से बैंगलौर ले जाने में एक बहुत महत्वपूर्ण बात, जिसको मनोवैज्ञानिक बदल कह सकते हैं, वह हो सकती है।

दिल्ली में शानो-शौकत बहुत है। मेरे जैसा आदमी जब दिल्ली आता है, तो मुझे यह बात बहुत खटकती है। हमारा जो भारतीय जीवन दर्शन है, जो जीवनधारा है, वह यहां प्रकट नहीं होती है, प्रतिबिम्बित नहीं होती है। जो दिल्ली को राजधानी समझ कर यहां उसे देखने के लिए आते हैं, वे यहां पर भारतीय जीवन दर्शन को देख नहीं पाते हैं। मुझे पता है--एक सज्जन विदेश से यहां पर आए, दिल्ली में रहे, उसके बाद वह बैंगलौर पहुंचे और एक साहित्यिक के घर में ठहरे। दूसरे दिन सुबह जब उस साहित्यिक की पत्नी उठी और उसने घर का दरवाजा खोल कर पानी वगैरह छिड़का कर वहां पर रंगावली निकाली, तो उन्होंने कहा--

today I am seeing Bharat .

यानी दिल्ली में रहने के बाद भी उनको भारत का पता नहीं चला। अतिथि अभ्यागत सुस्वागत कैसे करें यह दक्षिण में जाने के बाद ही पता चलता है--एक स्वाभाविक सादगी का जीवन, उसके साथ-साथ एक जीवन दर्शन अपने को देखने को मिलेगा। वैसे आज बहुत से झगड़े जो दक्षिण और उत्तर के खड़े हुए हैं, इनको मिटाने की दृष्टि से इसका जरूर उपयोग हो सकता है, परन्तु मुझे एक बात का डर है, भय है, जिसको मैं प्रकट किये बिना रह नहीं सकता। आज कल का जो ढांचा बनता चला जा रहा है, हर एक चीज को उसकी जो मर्यादा होती है, इस मर्यादा को भंग करते हुए दूर ले जाने की प्रतिक्रिया दिखाई देती है --

As a matter of fact, "Limit is the law life", and to understand the limit is the success.

मर्यादा जीवन की कौन सी होती है। जब हम ने तय किया कि प्रान्तों का पुनर्गठन करें, तो यह हुआ कि छोटे-छोटे हिस्से भी कहने लगे कि हम भी प्रान्त बनें। जब हमने भाषा का प्रश्न लिया तो छोटी-छोटी देश की भाषायें भी कहने लगीं कि हम को आठवें परिशिष्ट की सूचि में निलाया जाय, जब प्रान्तों के लिए, भाषा के लिए ऐसी बात होती है, तो डर पैदा होता है कि जब बैंगलौर में अधि-

वेशन हो, तो अहमदाबाद में क्यों न हो, पश्चिम में क्यों न हो, चण्डीगढ़ में क्यों न हो।

Taking anything to a ridiculous level.

यह नहीं होना चाहिए।

दूसरी बात—देश की राजधानी आज दिल्ली है। मुझे बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि पिछले 20 सालों की गलत नीतियों के कारण आज देश के जो शत्रु हैं, जो देश की सीमा के पास आकर बैठे हैं—

The *rajdhani* has become vulnerable

जिस दिल्ली के अन्दर हम बैठे हुए हैं, पता नहीं कब मौका आये, कैसे आये, मैं कह नहीं सकता लेकिन हम को किसी भी हालत में संसद को चलाना होगा, देश के प्रजातन्त्र को बनाए रखना होगा। इसलिए प्रयोग के तौर पर ऐसा क्यों न हो कि देश के दक्षिण में—बैंगलोर में, जिसके लिए आचार्य विनोबा भावे ने कहा है कि यह तो अयोध्या पुरी है, अयोध्या नगरी है, जिसकी जलवायु भी इतनी बढ़िया है, ठण्डे दिमाग से पूरे भारतवर्ष की प्रतिबिम्बित दृष्टि से, विचारों में ओतप्रोत हो कर विचार कर सकेंगे, सोच सकेंगे और देश की सुरक्षा की दृष्टि से भी इसका बड़ा भारी लाभ होगा।

अब इसके लिए कितना खर्चा होगा, इस दृष्टि से विचार करने के हेतु कोई एक तदर्थ छोटी सी समिति बैठे, जो इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करे कि असल में इस पर कितना पैसा लग जाएगा और वह समिति एक नतीजे पर पहुंचे। इसलिए देश की दृष्टि से संसद का एक अधिवेशन बैंगलौर में करने का मैं पूरा-सूरा समर्थन करता हूं।

16 HRS.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal) : Mr. Chairman, Sir, I congratulate Shri Prakash Vir Shastri, the mover of this Bill, for having brought forward before the House for its acceptance to summon at least one session of each House of Parliament every year either at Hyderabad or Bangalore.

My hon. friend, Shri Hanumanthaiya and other friends have clearly brought out the real spirit behind this Bill. I am not going into the suitability of a particular place in the south where this session of Parliament is to be held. I am emotionally attached to Madras. I was a Member of the Legislative Assembly there; I had started my political career there. I have got political affiliation with Hyderabad since I come from that State. And Bangalore is nearer to my constituency. So, I am going into the suitability of a particular place.

The real point is that for emotional integration, for bringing the people of other parts of the country closer and to understand each other, it will be better if the session of this august House, the sovereign body of our country, is held in different parts of the country, more so in the south, so that the people may come into close touch with the deliberations that are being carried on by their representatives. Not only that. That will give a comprehensive picture of our country. I am, at times, pained to see that many of our friends, even some Members of Parliament, are not able to distinguish people from Madras to Andhra, from Andhra to Karnatak and from Karnatak to Kerala.

श्री हुकम चन्द कछवाय (उज्जैन) : सभापति महोदय, मैं व्यवस्था चाहता हूं। व्यवस्था यह है कि इस समय यहां पर कैबिनेट का कोई मन्त्री नहीं बैठा है, आप उनको बुलाइए। जब तक वह नहीं आते, कार्यवाही नहीं चलेगी। इस सम्बन्ध में रूल दिया हुआ है कि बहस के समय मन्त्री को उपस्थित होना चाहिए।

MR. CHAIRMAN : There is no point order, the hon. Member may continue his speech.

श्री हुकम चन्द कछवाय : अगर आपका यह कहना है कि नियम नहीं है तो आप उसको तलाश कीजिए, वह आपको मिल जाएगा। पिछले स्पीकर ने यह रूलिंग दी हुई है कि जब सदन की कार्यवाही चलती हो तो मन्त्रि मण्डल के किसी मन्त्री को यहां उपस्थित रहना चाहिये। लेकिन इस समय तो कोई भी मन्त्री

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

उपस्थित नहीं है, आप उनको तलाश कीजिए और उसके बाद ही बहस चलने दीजिए ।

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may continue his speech.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Sir, I was trying to make my submission to the House that the time has come when we should understand each other. Not only that. The people of this country should very much come into close contact with the deliberations that are being carried on in this House and it is more so when we see the divisive forces, the secessionist tendencies, that are going on in this country, whether it is in the name of language or provincialism or parochialism, and when there are certain sections of people who have gone to the extent of desecrating our National Flag and National Anthem and also of burning the Constitution. I feel the time has come when there should be more of an emotional integration.

Sir, some people have expressed their doubts with regard to the expenditure involved in this. While I was discussing this matter with some friends outside and I was trying to reason it out that the Government could not come to a decision because of the financial implications involved, somebody jocularly remarked that the expenditure involved for holding a session in the south will not be equal to the amount of wastage of money pointed out to the Government in one Audit Para by the Public Accounts Committee. So, let us not be niggardly about this expenditure. In this vast country where there is the prime necessity of holding all sections of the people together, finance should not come in the way, and every hon. member will agree with me when I say that finance should not be the prime consideration and we must make up our minds to hold a session outside Delhi, as brought out by my hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri.

One more point and I will finish. Shri Jagannath Rao Joshi has pointed out the danger. That is also there. We always take to the extreme limit any point when it is accepted. A suggestion may come that there should be a sort of revolving thing, holding of the session from one place to another, from Calcutta to Ahmedabad, from Ahmedabad to Gauhati and other places. But it is for us to have that restraint on ourselves. The country has to be viewed in a broader context and we should not go to the absurd extent of putting forward the idea of holding a session in every nook and corner of the country.

Even historically and geographically also, this country has been divided into North and South and various cultures are there. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : The hon. Member will conclude now.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Whatever they may say, broadly that is the south of Vindhyas and this is the north of Vindhyas. This has a historical background and they cannot question this.

I will conclude my speech by supporting the amendment put forward by my hon. friend and I hope this will have the general acceptance of this House.

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : I am thankful to Mr. Prakash Vir Shastri for having brought forward this timely Bill and also to those, particularly from the North who have supported the spirit behind this Bill.

Sir, I have been wondering why the Mover of this Bill has not given at least an alternative opportunity for the city of Madras which was rightly considered to be the Capital of the South till quite recently. I do not know whether the firmness with which we hold on to this dry law has got anything to do with it; I hope, it is not so. Anyway I do not want to make a point of that and I do not feel that it is very material.

Shifting of the Capital at least for one session for some time to a place in the South, to Bangalore or Hyderabad, as envisaged by the Mover of the Bill, will definitely have a healthy impact on the political atmosphere in our country—not only political atmosphere but even cultural atmosphere and also social atmosphere. I am not placing my argument on the climate or any such thing. It is true that the southern breeze, particularly of Bangalore, will surely have a very sobering effect on the agitated minds. But I am not giving that

as a sort of substantial argument. My argument is based on only one point. My ground is that, fortunately or unfortunately, after Independence, in the past two decades, a sort of arrogance of power has developed in Delhi, that, nobody can deny. Particularly the people from the South, even Members of Parliament, are very much alive to that kind of feeling in and outside the House. When we go and meet the people outside, we are treated as if we are aliens. It is a fact. There is no use denying the hard fact. Honestly I do not know Hindi, and when I ring up somebody on the telephone, the immediate reply from the other side is something in Hindi, and when I request the other party to speak in English, they immediately shout at me and I do not know what they are shouting at.. (*Interruptions*) The whole atmosphere has got some poisonous air, so to say. When we want that English should be continued in this country—I am not going to deal with the language issue here but I am only pointing out the sentiment—the reaction that we get here normally is that people think as if English is our language and hence we are pleading for it. Such a colossal ignorance and such an unbelievable feeling we encounter from the Hindi-speaking Members inside as well as outside the House. If they would happen to be at Bangalore at least for two weeks, they will realise that there are people, there are citizens and compatriots and brethren who speak a different language but who are equally patriotic, if not more.

I am thankful for the gracious praise that was offered for the south by the hon. Mover as well as by Shri Randhir Singh. It is due to the south; no doubt can be there about it; but at the same time, I would submit that after liberally giving us all this lip-sympathy and after praising us to the skies, they are not attending even to our basic needs and our cravings to have some dignity for our own languages. I think these things can be rectified to a very great extent if the capital is shifted to a place in the south. Then, this realisation will dawn upon them that this country is definitely such a vast continent and there are many people speaking many languages and they are equally patriotic and they are equally self-respecting Indians like the Indians who live here in the north. So, it will steadily lead to emotional integration as rightly claimed by many hon. Members who spoke before me.

Shri P. Venkatasubbaiah has rightly pointed out one very pertinent thing namely that historically one cannot escape from the fact that south and north were treated as two separated entities of the Indian sub-continent. It is a fact.

SHRI RANDHIR SINGH : No, no. I do not accept this argument. We have been one and we are one.

SHRI S. KANDAPPAN : Even religiously, that has been the position. I am not very much attached to religion but still I would say this.

SHRI RANDHIR SINGH : No, we are one. India is one and indivisible.

MR. CHAIRMAN : I may place before the House one quotation which defines what India is. It is as follows :

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्धयकुण्डला ।

It means that India is that land which extends up to the seas and with the Himalayas and the Vindhyas hanging on her ears like two pendants.

This quotation is from Bhasa's *naatak*.

